





## खबर संक्षेप

### संभागीय समीक्षा बैठक 16 सितंबर को

**सागर।** अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी अधिकारी सागर संभाग की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन 16 सितंबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय जिला सागर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व की कार्य योजना लेकर सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुख उपस्थित हो। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स से अपेक्षा है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले की समेकित कार्ययोजना लेकर उपस्थित रहे।

### सागर में प्राप्त हुई 1854 मैट्रिक टन डी.ए.पी. उर्वरक की रैक

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के सतत प्रयास एवं उचित प्रबंधन के माध्यम से सागर जिले में किसानों को मांग के अनुसार उर्वरक प्राप्त हो रहा है एवं जिले में खाद उर्वरक की आपूर्ति लगतार की जा रही है। हाल ही में जिले को 1854 मैट्रिक टन डी.ए.पी. उर्वरक की रैक प्राप्त हुई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने किसान भाईयों को सूचित करते हुए बताया है कि दिनांक 10.09.2025 को डी.ए.पी. उर्वरक की रैक जिला-सागर में लग रही है। जिसमें सागर जिले को 1854 मैट्रिक टन डी.ए.पी. उर्वरक प्राप्त हो रहा है। जिसका वितरण दिनांक 11.09.2025 से जिला प्रशासन द्वारा डी.एम.ओ. डबल लॉक सेंटर/प्राथमिक कृषि साख समिति/एम.पी. एग्रो/निजी विक्रेताओ के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डी.एम.ओ. एवं एम.पी. एग्रो गोदाम में 630 टन, प्राथमिक कृषि साख समिति में 750 टन एवं एन.एफ.एल. कम्पनी द्वारा प्रदाय जानकारी अनुसार निजी थोक विक्रेताओ 474 टन डी.ए.पी. उर्वरक अलॉट किया गया है।

### कलेक्टर के निर्देश प्रत्येक माह के प्रथम दिवस हो वेतन भुगतान

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि जिला के समस्त शासकीय अधिकारियों/कार्मचारियों को प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान, अधिवार्षिकी आयु उपरांत स्वत्वो के भुगतान, पेंशन प्रकरण एवं अन्य कार्मचारी कल्याण से संबंधी कार्यवाहियों के समय सीमा में निराकरण हेतु समिति गठित की गयी है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विवेक के वी ने आदेश जारी किया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश के परिप्रेक्ष्य में समस्त विभाग प्रमुख जिला सागर इस आशय का प्रमाण पत्र 03 दिवस में प्रस्तुत करें कि उनके अधीनस्थ समस्त शासकीय कर्मियों का वेतन भुगतान प्रत्येक माह के प्रथम दिवस हो रहा है।

### स्वरोजगार योजना के तहत हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित

**सागर।** आदिवासी समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आदिवासी हितग्राहियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी बैटरी ऑटो रिक्शा, सीएनजी ऑटो रिक्शा, डीजल एवं पेट्रोल ऑटो रिक्शा सहित अन्य सभी प्रकार के वाहन, किराना दुकान, सेंट्रिंग वर्क, टेंट हाउस आदि जैसे विभिन्न व्यवसायों की स्थापना कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से संचालित की जा रही है। इच्छुक लाभार्थी विस्तृत जानकारी के लिए कार्यदिवसों में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग / म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम, न्यू कलेक्ट्रेट परिसर, सागर से संपर्क कर सकते हैं।

## राशन दुकानें निर्धारित समय पर खोलना सुनिश्चित कराएं : कमिश्नर

# संदिग्ध राशन कार्डधारियों पर कार्रवाई की धीमी गति पर कमिश्नर ने व्यक्ति की कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी जिला आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शासकीय राशन दुकाने निर्धारित दिवसों में निर्धारित समय पर खुलें और राशन दुकानों से हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि निर्धारित दिवसों में किसी भी स्थिति में राशन दुकानें बंद नहीं होनी चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि हितग्राहियों को समय पर और सहजता के साथ राशन मुहैया होना चाहिए।

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने राशन कार्डधारियों के ईकेवाईसी कार्य की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने



ईकेवाईसी कार्य में सागर संभाग के सभी जिलों में आपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी जिला आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे राशन कार्ड धारियों के ईकेवाईसी का कार्य तेजी पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने संदिग्ध राशन कार्ड धारियों के प्रकरणों की जांच कर ऐंसे सभी संदिग्ध राशन कार्ड धारियों के राशन कार्ड निरस्त करने के कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा संयुक्त संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए की संदिग्ध राशन कार्ड धारियों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मुझे एक सप्ताह की समयावधी में प्रस्तुत करें।

बैठक में कमिश्नर ने खाद्यान्न उठाव और आवंटन की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान माध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के संचालन के लिए कम खाद्यान्न उठाव के कारणों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने संभाग स्तरीय समीक्षा के दौरान खाद्यान्न उठाव की भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने इस उदासीनता और लापरवाही के लिए सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी निवाड़ी और टीकमगढ़ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी संयुक्त संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## आदि कर्मयोगी विकसित भारत के लिए एक आंदोलन है जो सेवा समर्पण और संकल्प से प्रेरित है: डॉ राज

**सागर।** आदि कर्मयोगी अभियान जिला प्रोसेस लैब तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलता पूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा किया गया था। जनजातीय कार्य विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, पीएचई विभाग, जिला पंचायत से लगभग 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इन सभी प्रतिभागियों को ब्लॉक मास्टर ट्रेनर बनाया गया जिनको अपने अपने विकासखंड में जाकर ट्रेनिंग देनी है और अभियान को सफल बनाना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ राजेश राज राज्य प्रतिनिधि भोपाल रहे और विशिष्ट अतिथि शैलेश माजरा आई एफ एस रहे। इस कार्यशाला में विजय जैन महिला बाल विकास, डॉ दीपेश जैन स्वास्थ्य विभाग, नंदलाल भारती शिक्षा विभाग, सुरेंद्र खटीक जिला पंचायत, पंकज श्रीवास्तव पीएचई विभाग, बबीता सोनी जनजातीय कार्य विभाग और शैलेश माजरा वन विभाग से डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर रहे। कार्यक्रम का संचालन शालिनी जैन ने किया और आभार प्रदर्शन बबीता सोनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को डॉ अशफ़ाक खान और सभी डीएमटी के करकमलों से प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस त्रिदिवसीय कार्यशाला में बताया गया कि अभियान का उद्देश्य विकेन्द्रीकृत, सांस्कृतिक रूप से आधारित और प्रतिबद्ध परिवर्तन नेताओं के अभिसरण-आधारित कैडर के माध्यम से जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाना है ताकि अंतिम छोर तक योजनाओं एवं सेवाओं का वितरण सुनिश्चित किया जा सके और 2047 में विकसित भारत का सह-निर्माण किया जा सके। आदिवासी समुदाय के लिये दशकों के निवेश और अनेक योजनाओं के बावजूद, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका, जल पहुँच और शासन-प्रशासन में व्यवस्थागत कमियाँ बनी हुई हैं। इन स्थायी चुनौतियों का समाधान करने और अंतिम छोर तक शासन और जन-केंद्रित विकास के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए, जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया है जो जनजातीय क्षेत्रों में जमीनी स्तर परिवर्तन लाने का मिशन है। इसमें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अतंर्गत जिले चिन्हित ग्रामों के क्लस्टर बनाकर, प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र स्थापित करना, जिला, ब्लॉक और गाँव स्तर पर कियान्वयन के लिये प्रत्येक ग्राँच में सिविल सोसाइटी संगठनों की पहचान करना एवं आदि सहयोगी नियुक्त करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसके तहत डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स, ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स, एन.जी.ओ. के वर्कस के द्वारा सिविल सोसाइटी संगठनों आदि सहयोगी, संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव, आशा पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## सहज समाधि ध्यान योग करने से मिलती है अलौकिक अनुभूतिः कपिल मलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर द्वारा शहर के मैजेस्टिक प्लाजा में 19 से 21 सितंबर तक तीन दिवसीय सहज समाधि ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन दो सत्रों में संचालित होगा—प्रातः 6.30 से 8.30 बजे तक और सायं 6.00 से 8.00 बजे तक। इसमें 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग शामिल होकर अपना व्यक्तिगत मंत्र प्राप्त करेंगे और सहज ध्यान की विधि सीख सकेंगे। आर्ट ऑफ लिविंग के कपिल मलैया ने जानकारी देते हुए बताया कि सहज समाधि ध्यान योग साधारण ध्यान विधियों से अलग और अत्यंत प्रभावी तकनीक है।

इसमें प्रत्येक प्रतिभागी को एक विशिष्ट व्यक्तिगत मंत्र दिया जाता है, जिसके अभ्यास से मन स्वतः गहरे ध्यान की अवस्था में प्रवेश करता है। उन्होंने बताया कि आज



की व्यस्त दिनचर्या में अधिकांश लोग तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। सहज समाधि ध्यान योग नियमित रूप से करने से तनाव दूर होता है और मन शांत होता है। उन्होंने बताया कि कई शोधों में यह सिद्ध हुआ है कि ध्यान का सीधा प्रभाव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर पड़ता है, जिससे न केवल मानसिक स्पष्टता आती है, बल्कि निर्णय क्षमता भी बेहतर होती है। सहज समाधि ध्यान योग से अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे लोगों को भी राहत मिल सकती है। मलैया का कहना है कि ध्यान की यह विधि दवा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन दृष्टिकोण दोनों को बदल देती है।

### युवाओं और बुजुर्गों दोनों के लिए उपयोगी

इस शिविर में शामिल होने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 16 वर्ष रखी गई है। युवा वर्ग यदि इस तकनीक को अपनाए तो पढ़ाई और करियर में उन्हें नई ऊर्जा और फोकस मिलेगा। वहीं बुजुर्गों को यह विधि मानसिक शांति, स्वास्थ्य लाभ और आध्यात्मिक संतोष प्रदान करेगी। सहज समाधि ध्यान योग शिविर में सीमित सीटें होने के कारण पंजीयन की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है। इच्छुक प्रतिभागी आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## वित्तीय साक्षरता शिविर लगाकर अधिकाधिक ग्रामीणों को बीमा सुरक्षा योजनाओं से जोड़ेंः कलेक्टर

**सागर।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा अभियान के तहत बैंकों के साथ समन्वय बनाकर प्रभावी ढंग से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित कराएं। इन शिविरों में बीमा सुरक्षा योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने के साथ-साथ ई-केवायसी का काम भी प्रमुखता से कराया जाए। यह निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं लीड बैंक अधिकारी को दिए। जन सुरक्षा अभियान के तहत बैंकों के माध्यम से इन शिविरों में प्रधानमंत्री जनधन योजना खाते खुलवाना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नामांकन व अटल पेंशन योजना में पंजीकरण के साथ-साथ जनधन खातों में ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। लीड बैंक अधिकारी ने बताया कि जन सुरक्षा अभियान के तहत अब तक जिले की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि ग्रामीणों को इस बात के लिये विशेष रूप से जागरूक करें कि वे अपने खाते में बीमा सुरक्षा योजनाओं के वार्षिक रिन्यूअल के लिये कुछ धनराशि अवश्य रखें। साथ ही बैंकों के प्रबंधकों को भी इस बात के लिये स्पष्ट रूप से सचेत कर दें। उन्होंने लीड बैंक अधिकारी को जिले में प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजनाओं से अब तक लाभान्वित कराए गए परिवारों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। वित्तीय साक्षरता शिविर में सभी वित्तीय संबंधी जानकारी प्रदान करें एवं प्रमुख रूप से साइबर फ्रॉड के संबंध में भी जानकारी दें और यह भी बताएं कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत जानकारी प्रदान न करें जिसमें प्रमुख रूप से आधार नंबर बैंक खाता नंबर ओटीपी न बताएं।

## विद्यालयों के प्राचार्य व स्टॉफ ने सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

# संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रहली के खिलाड़ी अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

छतरपुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय रहली के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। संभागीय प्रतियोगिता में दीपू नामदेव ने 5000 मीटर पैदल चाल में प्रथम एवं ऊंची कूँद में द्वितीय,वैशाली सेन ने 3000 मीटर दौड़ में प्रथम,कृष्ण कुमार चौबे ने लंबी कूँद में प्रथम एवं 4×400 रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया है। रोलर स्केटिंग अंडर 14 वर्ष बालक वर्ग में अंश बाल्मीकि ने 500 मीटर एवं 1500 मीटर दोनों इवेंट में प्रथम स्थान,अंडर 17 बालक वर्ग 1500 मीटर में लखन लड़िया ने द्वितीय स्थान, अंडर 17 बालक वर्ग में अंश बेलदार ने 1000 हजार मीटर में द्वितीय स्थान,अंडर 17 बालिका वर्ग में अमृता दुबे ने 500 मीटर ने प्रथम एवं 1000 मीटर में द्वितीय स्थान, अंडर 19 बालक वर्ग 500 मीटर में देव ठाकुर ने प्रथम एवं 1500



मीटर में द्वितीय स्थान, अनुज पटेल ने 1000 मीटर में प्रथम एवं 500 मीटर में द्वितीय,अनुज श्रीवास्तव ने 1500 मीटर में प्रथम एवं 1000 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

रहली विकासखंड के अन्य विद्यालयों के खिलाड़ियों में ध्रुव सेन छिरारी ने ट्रिपल कूँद में प्रथम स्थान,इंद्राज गौंड खैराना ने गोला फेंक में प्रथम स्थान,शाद खान आनंद घोषी ने 4×400 रिले दौड़ में प्रथम,अंशिका दुबे रामपुर ऊंची कूँद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

रोलर स्केटिंग में अंकुश घोषी एवं प्रेम पटेल बाल ज्ञानोदय स्कूल रहली ने 1000 मीटर में प्रथम एवं 500 मीटर में द्वितीय स्थान ,शोभा पटेल कन्या शाला रहली ने 500 एवं 1500 मीटर में प्रथम स्थान, निधि रैकवार ने 1000 मीटर में प्रथम,500 मीटर में द्वितीय स्थान, गायत्री नेमा क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल ने 1000 मीटर में प्रथम एवं 500 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन,जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय दादर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली प्राचार्य विजय पचौरी, सांदीपनि विद्यालय प्रभारी प्राचार्य दिलीप चौबे, विकास खंड क्रीड़ा अधिकारी सुधीर यादव, सांदीपनि विद्यालय क्रीड़ा प्रभारी सलामत खान, क्रीड़ा दल प्रभारी दिनेश कुमार सेन, कोच रमेश रैकवार, लक्ष्मण पटेल सहित सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टॉफ ने सफल छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टिकोण विषय पर युवा संवाद आज

**सागर।** स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा शिकागो में विश्व धर्म संसद को संबोधित करने के उपलक्ष्य में 11 सितंबर गुरुवार को मोती नगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा संवाद कार्यक्रम के आयोजक अविराज सिंह ने बताया कि युवा संवाद का विषय ''वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टिकोण'' है। महाकवि पद्माकर सभागार में 12 बजे से आयोजित युवा संवाद परम पूज्य दादा गुरू महाराज के सानिध्य में होगा। जिसकी अध्यक्षता रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के कुलपति विनोद मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यंग थिंकर्स फोरम के निर्देशक आशुतोष हैं। अविराज सिंह ने युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने की अपील नागरिकों से की है।



## श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र परीक्षण हुआ

**गढाकोटा।** बुधवार को को जगदीश स्वामी मंदिर पटेरिया धाम गढ़ाकोटा में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आंखों की जांच की गई। और मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया एवं नेत्र परीक्षण के दौरान निःशुल्क चश्मे वितरण किये। शिविर में महामंडलेश्वर हरिदास महाराज, जगदीश शाला व्यवस्थापक पं. मनोज तिवारी, अनिल साहू, राजेंद्र कौतू , प्रवीण विश्वकर्मा उपस्थित थे।



## अनुसूचित जाति बालक छात्रावास ढाना में उड़ान अभियान सत्र आयोजित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश में ग्राम ढाना स्थित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में बच्चों केरियर मार्गदर्शन के लिए उड़ान अभियान अंतर्गत सत्र आयोजित किया गया। जिसमे सागर की कोचिंग संस्था मंत्रा अकैडमी के संचालक शैलेंद्र तिवारी ने छात्रावास के बच्चों के साथ वार्तालाप किया एवं उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चो को प्रशासन की गतिविधियां, योजनाओं का क्रियान्वयन और प्रशासकीय प्रक्रिया के साथ केरियर काउंसलिंग भी की गई जिसमे 12वीं के बाद शासकीय सेवाओं का चुनाव, सिलेबस तथा एंट्रेंस एग्जाम के बारे में बताया गया। मंत्रा अकैडमी को तरफ़ से स्टडी मटेरियल और मार्गदर्शन दिया गया और योजना को सफल बनाने में भविष्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम उपरांत वृक्षारोपण भी किया गया जिसमे वृक्षों की ज़म्मिदारी बच्चो को ही दी गई।

## कलेक्टर के निर्देश पर प्रस्तावित देवल गौशाला की दस एकड़ जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर बीना के प्रस्तावित देवल ग्राम की गौशाला की दस एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। एसडीएम बीना विजय डेहरिया ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर बीना की देवल ग्राम में 412 एकड़ में अत्याधुनिक गौशाला प्रस्तावित की गई है जिसमें कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया था। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं पंचायत के द्वारा संयुक्त रूप से जांच करने पर कुछ लोगों के द्वारा लगभग 10 एकड़ जमीन पर फेंसिंग एवं टपरा बनाकर अतिक्रमण किया गया था जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है उस पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गोशाला की भूमि पर फेंसिंग लगाकर और टपरा बनाकर अवैध रूप से कर कब्जा किया गया था। जिसको जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई उन्होंने बताया कि इसी प्रकार आगे भी जांच कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जाती रहेगी।



## जैसीनगर में आरआरसी रिकवरी कैंप आयोजित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में आज तहसील कार्यालय जैसीनगर में तहसीलदार हरीश ललवानी की अध्यक्षता में आरआरसी रिकवरी कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा जैसीनगर के बकायादारों के लिए आयोजित किया गया था। कैंप में 195 बकायादारों को आरआरसी नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से लगभग 80 बकायादारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें से 26 बकायादारों ने 1,75,000 रू. की राशि जमा की एवं ऋण समझौते हेतु सहमति भी प्रदान की। कुछ बकायादारों ने भुगतान के लिए समय मांगा, जिसे बैंक द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें समझाइश दी गई कि वे समय-सीमा में अपना बकाया चुकता करें। साथ ही, सभी को सूचित किया गया कि नोटिस प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर बैंक से संपर्क करें, जिससे उन्हें समझौता योजना में छूट मिल सके। समय-सीमा में भुगतान नहीं करने पर तहसील कार्यालय द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित बकायादार की स्वयं की होगी। शाखा प्रबंधक निर्शात जैन ने बकायादारों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बकायादार समय पर भुगतान करें, जिससे उनकी ब्ठप्स् रिपोर्ट संतुलित बनी रहे। इससे वे भविष्य में सरकारी योजनाओं में ऋण सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। अंत में, शाखा प्रबंधक एवं समस्त बैंक स्टाफ ने तहसीलदार महोदय के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## अचानक निरीक्षण में पंचायतों की खामियां हुईं उजागर

# छात्रों को बाहर बैठने की वजह जान सीईओ वर्मा बने फोटोग्राफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

अगर कही गड़बड़ी की जानकारी करनी हो तो अधिकारियो को बिना सूचना दिए क्षेत्र का भ्रमण करना चाहिए। इससे सारी खामियां स्वतः ही सामने आ जाती है। इसी खूबी के लिये जाने जाने बाले जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा पूर्व की तरह अचानक निरिक्षण करते हुए जनपद क्षेत्र में पहुंचे तो उन्हें ग्रामीण पंचायतो में व्याप्त कई खामियां दिखाई दी। जिस पर सीईओ वर्मा ने संबंधित को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्था सुधारने के लिये तत्काल मौके पर ही उचित इंतजाम भी किया गया। एक जगह तो छात्रों की समस्या को शीघ्र हल कराने के लिये सीईओ वर्मा स्वयं फोटोग्राफर बन गये।

### छात्रों की संख्या तो 74 दर्ज पाई लेकिन मौके पर मिले 4 बच्चे

पूंछने पर मामले की जानकारी देते हुए सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बताया कि बीते बुधवार के दिन अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्होंने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत रतवास का जायजा लिया। जहाँ ज़ब वह अचानक रतवास स्कूल पहुंचे तो करीब 12 बजे के लगभग रतवास गांव की शाला में सिर्फ 4 बच्चे मौजूद पाए गये। हुए ज़ब स्कूल की छात्र संख्या का पता लगाया गया तो स्कूल में 74 बच्चों की संख्या दर्ज पाई गई। सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने इस मामले में स्कूल में मौजूद शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करते हुए बच्चों के परिवार से संपर्क करते हुए उन्हें विद्यालय भेजे जाने के लिये निर्देशित किया। सीईओ वर्मा ने मौके पर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी तत्काल साफ सफाई कराए जाने की निर्देश दिए।

### अचानक सामने अधिकारी को देख योजनाओं में पलीता लगा रहे लोगों के उड़े होश




जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में हालातो का जायजा लेने के लिए जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बीते बुधवार के दिन ग्राम पंचायत रतवास एवं ग्राम पंचायत मवई का दौरा किया। जिसमें अपने आकस्मिक निरीक्षण की खबर दिए बगैर ही सीईओ वर्मा मौके पर पहुंचे। जिस बजह से अधिकारी के निरिक्षण से अंजान लोगो ने ज़ब अचानक अपने सामने अधिकारी को देखा तो जन कल्याणकारी योजना में पलीता लगाने वालों के चेहरों के होश उड़ गए।

### आंगनबाड़ी में 2 वर्ष से भोजन न बंटने की जानकारी पर भड़के सीईओ

इसी दौरान ज़ब सीईओ वर्मा को ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र रतवास की अनियमितताओं संबंधी जानकारी दी तो उन्होंने अपने दल की दिशा बदलते हुए आँगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। जहाँ पता चला कि बच्चों को 2 साल से मध्यान भोजन नहीं बांटा गया है। मध्यान्ह भोजन न बांटे जाने की शिकायत सामने आने पर सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने मौके पर ही स्थिति का जायजा लिया। जहां एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। सीईओ वर्मा ने तत्काल संबंधित अधिकारियो को इसकी जांच करने और माध्यान्ह भोजन सुचारु रूप से बंटबाये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### बच्चों को स्कूल के बाहर बैठने की वजह सामने आने पर फोटोग्राफर बने

जब जनपद सीईओ वर्मा निरिक्षण करते हुए माध्यमिक शाला मबई पहुंचे तो बहाँ उन्हें स्कूल के बच्चे बाहर बैठे हुए नजर आए। तब उन्होंने इसका कारण पूंछा तो शिक्षकों के द्वारा जनपद सीईओ को जानकारी दी गई की माध्यमिक शाला मबई की बिल्डिंग की छत जर्जर हालत में होने के कारण बच्चों को बाहर बैठाया जा रहा है। सीईओ वर्मा ने फोटोग्राफर बनते हुए मौके पर जाकर जर्जर छत के फोटोग्राफ लिये और मौके पर ही फोटो भेजते हुए उक्त समस्या के समाधान के लिये शिक्षा विभाग को जानकारी देने की बात कही। निरीक्षण उपरांत सीईओ वर्मा अपने जनपद पंचायत पलेरा कार्यालय पहुंचे। और कार्यालय में उन्होंने निरिक्षण के दौरान मिली खामियों व समस्याओ को लेकर संबंधित विभागों को तत्काल इस पूरे मामले पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

## पुराने बस स्टैंड पर युवक से मारपीट, वीडियो वायरल

# शराब दुकान बनी उपद्रव का जरिया पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पूर्व से जारी आशंका के चलते एक बार पुनः पुराने बस स्टैंड पर स्थित शराब की दुकान उपद्रव का जरिया बनी। जहाँ पुलिस की मौजूदगी न होने से असमाजिक तत्वों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। इसी कड़ चलते अक्सर लड़ाई झगड़े और उपद्रव की शिकायतें और वायरल वीडियो सामने आते रहते है। इसी के चलते शहर के पुराने बस स्टैंड पर मंगलवार देर रात एक युवक के साथ हुई मारपीट ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित युवक की पहचान अंसार पिता अनवर शाह के रूप में हुई है। घटना के दौरान मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं दिखाई।

किसी राहगीर ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब कोतवाली पुलिस के पास पहुंच चुका है। वीडियो में हमलावर युवक को अंसार से मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। फिलहाल पुलिस इस वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि पीड़ित युवक को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

हालांकि अब तक किसी भी पक्ष ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि पुराने बस स्टैंड पर स्थित शराब दुकान के कारण रोजाना शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। लोग खुलेआम शराब पीते हैं और आपस में झगड़ते हैं। शाम 6 बजे से लेकर रात 12 बजे तक वहां शराबियों की भीड़ बनी रहती है। एक दुकानदार ने बताया दुकान खुलने के बाद से इलाके का माहौल बिगड़ गया है। आए दिन झगड़े होते हैं, ग्राहकों और राहगीरों को भी परेशानी होती है। पुलिस को यहां गश्त बढ़ानी चाहिए।

## अभियान से शिक्षा, स्वास्थ्य, व रोजगार होंगे विकसितःबकील अनिल



**टीकमगढ़।** जिले की समाजसेवी संस्था मानवीय संवेदना समिति द्वारा नई ट्रेनों की मांग को लेकर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को जनसमर्थन लगातार मिल रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को समिति ने जिला न्यायालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान जिले के करीब 300 अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन जताया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान क्षेत्र के विकास के लिए बेहद आवश्यक है। नई ट्रेनों के शुरू होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों को गति मिलेगी। एडवोकेट अशोक गोयल ने समिति की सराहना करते हुए कहा कि मानवीय संवेदना समिति नगर की अग्रणी संस्था है, जो मानव सेवा और गरीब कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए जानी जाती है। वर्तमान में टीकमगढ़ की रेल सुविधाओं में विस्तार की आवश्यकता है, ताकि यहां के यात्री हावड़ा, भोपाल और अजमेर जैसे प्रमुख शहरों तक आसानी से आ-जा सकें। इस दिशा में समिति का प्रयास सराहनीय है। एडवोकेट संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि समिति की मांग पूरी तरह न्यायोचित है। उन्होंने केंद्र सरकार से बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए शीघ्र नई ट्रेनें शुरू करने की मांग की। इस अवसर पर देवेंद्र योगी, मनीराम कठैल, रमेश खरे, स्वतंत्र जैन, रामचरण अहिरवार, अरविंद श्रीवास्तव और कल्लू विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## छात्रावास में डॉ शामियां के नेतृत्व में लगाया स्वास्थ्य शिविर

# छात्राओं में कुपोषण के लक्षण देख मेडिकल टीम ने दी दवाइयां और परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर के शासकीय अनुसूचित जाति कन्या जूनियर छात्रावास में बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासन के आदेशानुसार एवं छात्रावास अधीक्षिका रामदेवी अहिरवार की पहल पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आईं डॉ. शामियां अंसारी और उनकी मेडिकल टीम ने छात्रावास की सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों ने रक्तचाप, वजन, ऊँचाई, दृष्टि और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जांचें कीं। परीक्षण के दौरान कई छात्राओं में कम वजन और अपेक्षित ऊँचाई न होने जैसी समस्याएँ पाई गईं, जो कुपोषण की स्थिति को दर्शाती हैं। डॉक्टरों ने प्रभावित छात्राओं को तुरंत आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराईं और उन्हें नियमित रूप से दूध, फल, हरी सब्जियाँ और प्रोटीनयुक्त भोजन लेने की सलाह दी। डॉ. अंसारी ने बताया कि किशोरावस्था में पोषण की कमी आगे चलकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा कर सकती है। ऐसे में छात्राओं को संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण बेहद जरूरी है। छात्रावास अधीक्षिका रामदेवी



अहिरवार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और पोषण पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। हम चाहते हैं कि यहां रहने वाली छात्राएं न केवल पढ़ाई में आगे बढ़ें, बल्कि शारीरिक रूप से भी सक्षम होकर हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर यदि नियमित अंतराल पर लगाए जाएं तो छात्राओं को समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ मिलेंगी और बीमारियों की रोकथाम समय रहते हो सकेगी। शिविर के समापन पर छात्राओं ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

## टीकमगढ़ किला और खास क्षेत्र में अवैध कॉलोनाइजरों की नई सूची जारी

# 18 कॉलोनी नाइजरों पर फिर गिरी गाज, बिक्री व नामांतरण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए शहर में तेजी से पनप रही अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसना जारी रखा गया है। कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देश पर टीकमगढ़ किला और खास क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनियां काटने और प्लॉट बेचने वाले 18 लोगों की नई सूची जारी की गई है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इन कॉलोनियों में अब न तो प्लॉट बेचे जाएंगे और न ही नामांतरण की कार्रवाई होगी।

पहले भी जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई करते हुए 200 से अधिक नोटिस जारी किए थे। इनमें से 100 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों में बिक्री और नामांतरण पहले ही प्रतिबंधित किया जा चुका है। अब नई सूची जारी कर कार्रवाई को और सख्त किया गया है। प्रशासन ने साफ किया है कि मध्य प्रदेश नगरपालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के मुताबिक किसी भी अनाधिकृत कॉलोनी की भूमि का अंतरण या पंजीयन प्रतिबंधित है। यह नियम 13 जनवरी 2022 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया था। नई सूची में पुष्पेंद्र सिंह गौर, गोविंद सिंह, रविशंकर सिंह, रामसिंह राय, गोपाल सिंह, चरणसिंह राय, रमेश, बसंत सिंह राय, दिनेश राय, रमेश राय, हर्षवर्धन यादव, पुरुषोत्तम, महेन्द्र पुरोहित, जानकी पत्नी दामोदर प्रसाद पुरोहित सहित कई नाम शामिल हैं। इसके अलावा विशुद्ध रियलकॉन प्रा. लि. अभिषेक जैन, प्रिंस जैन, बृजेश रावत, सुमंगलम ग्रुप संतोष जैन, नरेश श्रीवास्तव, जय महाकाल ग्रुप रविकांत साहू, दीपेंद्र सिंह बुंदेला, जाहर सिंह यादव, सरस्वती पत्नी कृष्णगोपाल द्विवेदी, आमोद द्विवेदी, संजय यादव, जयसिंह यादव देवकी नगर, जितेंद्र कुमार नापित, राजेश साहू, नारायण रैकवार, ओमप्रकाश, विजय, अनिल कड़ा, लक्ष्मण कड़ा, प्रियंक जैन और जितेंद्र सेन जैसे नाम भी सूची में दर्ज किए गए हैं। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने स्पष्ट कहा कि अवैध कॉलोनियों पर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। जनता को सावधान किया जाता है कि वे इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। धोखाधड़ी की स्थिति में जिम्मेदारी खरीदार की भी होगी।

# खाद्यान्न संबंधी गलत और भ्रामक जानकारी पर भड़के कमिश्नर



**टीकमगढ़।** सागर संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में सख्त लहजे में निर्देश दिए कि शासकीय राशन दुकानों को निर्धारित दिवसों में हर हाल में तय समय पर खोला जाए और हितग्राहियों को समय पर व सहजता से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर सुचारी ने बैठक में जिलावार समीक्षा करते हुए पाया कि कई जिलों में ई-केवाईसी कार्य की प्रगति बेहद धीमी है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी पात्र कार्डधारियों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराया जाए। साथ ही, संदिग्ध राशन कार्डधारियों की जांच व निरस्तीकरण में भी धीमी कार्यवाही पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने संयुक्त संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में संदिग्ध राशन कार्डधारियों पर हुई कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में माध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के संचालन के लिए कम खाद्यान्न उठाव पर भी सवाल उठे। कमिश्नर सुचारी ने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी कारण बताएं और समयबद्ध कार्यवाही प्रक्रिया करें। सबसे बड़ी नाराजगी कमिश्नर सुचारी ने खाद्यान्न आवंटन व उठाव की गलत और भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करने पर जताई। उन्होंने कहा कि झूठी या अधूरी जानकारी प्रशासन को गुमराह करती है और यह सीधी लापरवाही है। इस गंभीर चूक पर उन्होने सहायक आपूर्ति अधिकारी टीकमगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की जिला बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों की सौंपी जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सेवा पखवाड़ा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण जिला बैठक संपन्न हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा कार्यालय पर संपन्न जिला बैठक में मंच पर पूर्व मंत्री अंखड प्रताप सिंह यादव, पूर्व विधायक अजय यादव, वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, कार्यक्रम जिला संयोजक पूरन लोधी, सहसंयोजक रीतेश भदौरा, मनोज देवलिया, अंकित तोमर मुन्ना लाल साहू व आशुतोष भट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम को मनोज देवलिया व जिनेंद्र घुवारा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष भट्ट व आभार व्यक्त रीतेश भदौरा ने किया।

### लोकल फॉर वोकल व पीएम मोदी के नारे को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प

पार्टी को विचारधारा देने वाले पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को जिला स्तर से बूथ स्तर तक मनाई जाएगी। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती कार्यक्रम में गांधी जी की प्रतिमा व लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं संग पुष्पांजलि अर्पित करना, खादी वस्त्र संग्रहालय से बड़े स्तर पर स्वदेशी वस्तुओं का खरीदना व लोकल फार वोकल का प्रचार करना, गांधी जी की सादगी, स्वावलंबिता व राजनीति विचार को दोहराना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जय किसान जय जवान जय विज्ञान और जय अनुसंधान के नारे को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।




### चयनित जगहों पर पीएम मोदी के जीवन की प्रदर्शनी व राजनीतिक यात्रा का होगा चित्रण

भाजपा नेता मनोज देवलिया ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हो रहा है। जिसमें मंडल स्तर व जिला स्तर पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम होंगे जिसके लिए जिला स्तर व मंडल स्तर पर संयोजक व सह-संयोजक प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मंदिर, पार्क अस्पताल, विद्यालय व मुख्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर वृक्षारोपण करेगा व नगर स्तर पर नमो पार्क बनाए जाएंगे, रक्तदान शिविर कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ता बड़े स्तर पर रक्तदान कर रक्तदान महादान का संदेश देंगे। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम के माध्यम से निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श व दवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के प्रेरणा स्वरूप यात्रा का फिल्म चित्रण दिखाया जाएगा, विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत पर व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन होगा जिसमें सभी वर्गों के बुद्धिजीवी लोग सम्मिलित होंगे, विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने पर दिव्यांग और विशिष्ट जनों का सम्मान होगा। स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक उद्योगों - लधु कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए लोकल फार वोकल का प्रचार किया जाएगा, चयनित जगहों पर मोदी जी के जीवन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें उनकी राजनीतिक यात्रा भी दिखाई जाएगी।

### कार्यकर्ताओं को सौंपी गई विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां

आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के संयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष रोहित खटीक को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं जिला सेवा पखवाड़े कार्यक्रम के तहत गांधी जयंती , लाल बहादुर शास्त्री जंयती व अन्य कार्यक्रम के लिए जिला स्तर पर जिला व सहसंयोजक क्रमशः विकास यादव व स्वप्निल तिवारी को बनाया गया है। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम प्रभारी पंकज प्रजापति और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम प्रभारी मनोज देवलिया व सौरभ कठैल रहेंगे, रक्तदान शिविर कार्यक्रम प्रभारी इंजी अभय प्रताप सिंह यादव व आदित्य योगी, प्रधानमंत्री जीवन पर फिल्म प्रदर्शनी कार्यक्रम प्रभारी मनीष श्रीवास्तव व शक्ति दौंदरिया, प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम प्रभारी आशुतोष भट्ट, दिव्यांग व राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान कार्यक्रम प्रभारी मुन्ना लाल साहू व प्रफुल्ल द्विवेदी, वोकल फार लोकल प्रचार कार्यक्रम प्रभारी संयोजक अभिषेक खरे रानू , सहसंयोजक पूनम अग्रवाल, सांसद खेल कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रभारी रोहित खटीक व जीतू सेन , विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रभारी रीतेश भदौरा व विभा श्रीवास्तव, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी कार्यक्रम प्रभारी अश्वनी चढ़ार व शक्ति सिंह राय, दीनदयाल जयंती 25 सितंबर व संगोष्ठी कार्यक्रम प्रभारी अंकित तोमर व पवन जैन आदि रहेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

**Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323**

क्रमांक/5039/न.पा./निर्माण/2025 :: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना :: टीकमगढ, दिनांक 25/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_450568_1 10/09/2025 को सायं 05.00 बजे से | वार्ड नं. 24 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 3 माह 1771380 | 2000/- 13285/- | 13.10.2025 को सांय 05.30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

### बकाया वसूली नहीं होने से 20 करोड़ी नपा का खाली हुआ खजाना

# सेवा समाप्ति से घबराए नपा कर्मी बकाया वसूली करने पहुंच रहे घर-घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समग्र आईडी को आधार से जोड़कर ई केवाईसी कराने के अभियान में उलझे नगर पालिका कर्मचारियों के आगे अब बकाया वसूली करने की समस्या आ गई है। विभिन्न स्त्रोतों से 20 करोड रुपए की वार्षिक आय वाली नगर पालिका का खजाना इन दिनों खाली हो गया है जिसके कारण कर्मचारियों का तीन माह तक का वेतन चढ़ा हुआ है। इस संबंध में सीएमओ आरआर यादव ने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि अगर वेतन चाहिए तो बकाया वसूली की जाए। उधर हाल ही में 57 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने से भी कर्मचारियों में भय व्याप्त है जिसके चलते वह ऑफिस वर्क के अतिरिक्त घर घर पहुंच कर बकाया वसूली करते देखे जा रहे हैं।

ई केवाईसी कराने के अभियान के दौरान ठप हुई विभिन्न करों की वसूली को वसूल करने के लिए नपाकर्मी इन दिनों घर-घर पहुंच रहे हैं। नपा कर्मी वार्डो में शिविर लगाकर जलकर, हाउसकर, दुकान किराया आदि वसूलने का काम कर रहे हैं। नगरपालिका को 55 स्त्रोतों से करीब 20 करोड़ रुपये साल की आय होती हैं। लेकिन ई केवाईसी कराने के अभियान की वजह से यह वसूली ठप पड़ गई। जिससे इन दिनों नगरपालिका के कर्मचारी किसी भी घर के आगे रजिस्टर लेकर खड़े दिख जाएंगे। यह कर्मचारी लोगों से उनके घरों में लगे नलों का बकाया जलकर वसूली एवं भवन टैक्स और समेकेतिक कर वसूल करने पहुंच रहे हैं। नलों का किराया प्रति कनेक्शन 60 रुपये, दुकान का किराया प्रति दुकान 01 हजार रुपये, समेकेतिक कर प्रति घर 75 रुपये सालाना एवं वर्गफीट के हिसाब से हाउसटैक्स वसूला जा रहा हैं। नगरपालिका को मिलने वाला यह टैक्स वैसे तो लंबे समय से बकाया हैं, लेकिन ई केवाईसी के अभियान में यह वसूली लगभग शून्य हो गई। इससे नगरपालिका को वेतन भत्ते निकालना भी भारी पड़ गया है। इससे निपटने के लिए नगरपालिका ने अब हर वार्ड में अपने कर्मचारियों की टीम बनाकर वसूली करने का अभियान शुरु किया है।



#### विभिन्न टैक्सों के साथ दुकानों का किराया भी दोगुना

विगत दिनों हुई परिषद की बैठक में नपा ने दुकानों का किराया भी बढ़ा दिया हैं। शहर में नगरपालिका की 6 सैंकड़ा से अधिक दुकानें संचालित हैं। उक्त दुकानों से अभी तक नगरपालिका 300 रुपये से 500 रुपये तक किराया वसूल कर रही थी। अब नगरपालिका ने उक्त दुकानों का किराया बढ़ाकर समान रुप से प्रति दुकान एक हजार रुपये कर दिया हैं।

#### हज़ार से अधिक अवैध नल कनेक्शन होने वैध

शहर में 5 हजार से अधिक नल कनेक्शन पेयजल आपूर्ति के लिए दिए गए हैं। उक्त नलों से माध्यम से नपा प्रति नल कनेक्शन 60 रुपए प्रति प्रति माह जलकर के रूप में वसूल रही है। इस समय नपा के पास एक करोड़ रुपये से भी अधिक की जलकर बकाया हैं। इसे वसूलने में ही कर्मचारियों को अधिक मशक्कत करनी पड़ रही हैं। उधर शहर में एक हजार से भी अधिक अवैध नल भी नगर पालिका प्रशासन के लिए चुनौती बने हुए हालांकि विगत दिनों हुई परिषद की बैठक में ऐसे अवैध नालों को वैध करने के लिए प्रस्ताव पास किया जा चुका है जिसके तहत नगर पालिका शिविर लगाने के साथ-साथ मुनादी कराकर अवैध रूप से संचालित नालों को विधिवत रूप से वेद करने के अपील भी वेध भी कर रही है।

#### इनका कहना है

ई केवाईसी करने के अभियान की वजह से नगर पालिका में बकाया वसूली ठप पड़ गई थी जिसे दोबारा से शुरू कराया गया है। कर्मचारियों को बकाया वसूली करने के टारगेट दिए गए हैं।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

---

### 43 वाहनों में तीन वाहन ऐसे भी पकड़े जो तेज रफ्तार में दौड रहे थे

## ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ते पकड़े 43 वाहन, वसूला 19, 800 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




15 दिवसीय अभियान के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को सडक पर उतरकर वाहनों की चैकिंग की। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोडते हुए फर्राटे भर रहे 43 वाहन को पकडकर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 19 हजार 800 रूपए का जुर्माना वसूला है।

ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि बुधवार को चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को नियमो का पालन करते हुए वाहनों को चलाने की समझाइस दी गई। समझाइस के बाद भी जो वाहन चालक नियत तोडने से बाज नहीं आ रहे है,उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 43 वाहनों को ट्रैफिक नियम तोडते हुए पकडा है। इनमें तीन वाहन तो ऐसे है,जो ओवर स्पीड में चल रहे थे। 2 वाहन ओवर लोड, 33 दोपहिया वाहन बिना हेलमेट, 5 वाहन सवार लोग बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन में सवार होकर चल रहे थे। इन सभी वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए इनसे 19 हजार 800 रूपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई है। साथही इन वाहन चालकों को सडक पर सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करने की समझाइस भी दी।

---

## श्योपुर जिले को शिवपुरी रैक पाइंट से मिला 805 मीट्रिक टन यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा की पहल पर श्योपुर जिले को शिवपुरी रैक पाइंट से 805 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हो गया है। इफको कंपनी की रैक से श्योपुर जिले के लिए यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इसका वितरण करने के लिए विभिन्न संस्थाओं को आवंटित कर दिया गया है, जिसके तहत विपणन संघ श्योपुर को 210 मीट्रिक टन, विपणन संघ बडौदा को 90 मीट्रिक टन, विपणन संघ विजयपुर को 90 मीट्रिक .टन, मार्केटिंग समिति कराहल को 25 मीट्रिक टन, सेवा सहकारी समिति मानपुर को 120 मीट्रिक टन, कनापुर को 60 मीट्रिक टन, नागदा को 60 मीट्रिक टन, नागरगावंडा को 90 मीट्रिक टन, सोईकलां को 60 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध करा दिया गया है।

उक्त केन्द्रों से किसान यूरिया का क्रय कर सकते है। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि खरीफ 2025 सीजन के लिए कुल 26 हजार 870 मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता का आंकलन किया गया था, जिसके क्रम में 22 हजार 596 मीट्रिक टन यूरिया का भण्डारण होकर 20 हजार 325 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किसानों को कर दिया गया है। वर्तमान में शिवपुरी रैक पाइंट से 805 मीट्रिक टन यूरिया ओर मिला है, जिसे वितरण के लिए विभिन्न केन्द्रों को भेजा गया है।

---

## फूड सेफ्टी टीम ने लिए पनीर व मावा के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार के निर्देशन में फूड सेफ्टी की टीम ने शहर में मालियों के मंदिर के पास खरादी बाजार स्थित गणेश दूध डेयरी से पनीर एवं मावा के सैम्पल लिए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि बुधवार को मालियों के मंदिर के पास खरादी बाजार स्थित गणेश दूध डेयरी का निरीक्षण किया तथा विक्रय के लिए रखे गये पनीर एवं मावा के नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिये, नमूनों को राज्य स्तरीय खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा तथा जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विधिवत कार्यवाही की जायेगी।

---

## गोहर के महाराज रावत की अमराल नदी में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के नजदीक से गुजरी अमराल नदी में मोरडूंगरी के पास बुधवार को युवक की डूबने से मौत हो गई। आसपास के लोगो ने युवक की लाश को नदी से बाहर निकाल लिया। मृतक की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहर निवासी महाराज रावत के रूप में हुई है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि महाराज रावत 50 वर्ष पुत्र दोजा रावत पिछले करीब एक डेढ महीने से यहां श्योपुर में पढाई करने के लिए रह रहे उसके दो बच्चों के साथ रह रहा था और यहां मजदूरी करता था। दो दिन पहले उसके दोनो बच्चे गांव चले गए और यह यही रह गया। जिसका शव बुधवार को मोरडूंगरी के पास अमराल नदी में मिला है। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा दिया है और मर्ग दर्ज कर उसके नदी में गिरने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

---

### बस्तीवासियों ने गंभीर हालत में कराया अस्पताल में भर्ती

## निर्माणा धीन मकान गिरने से मकान मालकिन दबी, मजदूर भी हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बुधवार को वार्ड क्रमांक 22 बड़ा इमामबाड़ा पर एक निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से उसके नीचे खाना बना रही मकान मालकिन दब गई जबकि छज्जे के ऊपर बैठकर काम कर रहा मजदूर भी गिर कर घायल हो गया। घायलों को बस्ती वासियों ने तत्काल मोटरसाइकिलों के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उन्हें भर्ती कर चिकित्सकों ने इलाज शुरू कर दिया गया है। घायलों में महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

बस्ती वासी हाफिज आदिल कुरैशी ने बताया कि बड़ा इमामबाड़ा नफीसुर रहमान वकील के सामने महिला मधु आर्य अपने मकान का मेंटेनेंस करा रही थी मकान का निर्माण दूसरी मंजिल पर बैठकर मजदूर राजेश माहौर द्वारा किया जा रहा था कि अचानक छज्जा दीवार सहित गिर गया छज्जे ऊपर बैठकर काम कर रहा राजेश छज्जा गिरने से घायल हो गया वहीं मकान के भीतर रोटी बना रही मधु बेवा बजरंग आर्य छज्जा और दीवार के मलबे के नीचे दब गई जिसे मोहल्ले के लोगों ने भाग कर ईंट पत्थर हटाकर बाहर निकाला और इसके बाद उन्हें पड़ोसी सैयद वसीम अली, राहिल कुरैशी, हाफिज आदिल कुरैशी, शोएब ओर हाफिज आरयन ने मोटरसाइकिलों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में भर्ती दोनों घायलों का सिटी स्कैन कराने के बाद डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया है फिलहाल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। महिला विधवा है और उसके परिवार में और कोई नहीं है जिससे मोहल्ले के लोग ही उसका इलाज कर रहे हैं।

---

## 17 से शुरू होगा सेवा पखवाड़ा,भाजपा मंडल स्तर पर आयोजित करेगी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होने वाला सेवा पखवाडा 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा। इस दौरान श्योपुर जिले में भाजपा मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ भागीदारी करे। खेल प्रतिभाओ को निखारने के लिए 25 दिसंबर तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। यह बात क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित सेवा पखवाडा संबंधी बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत नमो वन लगाने,स्वच्छता का अभियान, रक्तदान शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रबंध संवाद, नमो मैराथन दौड,एक पेड मां के नाम संगोष्ठी, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, महावीर सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र सिंह जाट,अशोक गर्ग,गुड्डी बाई जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष रेनू गर्ग सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व आपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## सोंईकला के हायरसेकंडरी स्कूल में लगेगा आधार कार्ड शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आधार अब विद्यालय के द्वारा अभियान के तहत 8 सितंबर से 15 सितंबर तक एक शिविर सोंईकलां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा। बीआरसीसी श्योपुर हरिशंकर बाथम ने बताया कि इस शिविर के दौरान सोंईकलां सहित आसपास की शालाओं में पढने वाले विद्यार्थी अपने आधार कार्ड में संशोधन कराने तथा नवीन आधार कार्ड बनवा सकते है।

#### कलेक्टर की अध्यक्षता में पेंशन शिविर 11 को

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यालयों में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 11 सितंबर को प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित किया गया है। पेंशन निराकरण शिविर में लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। सभी डीडीओ अपने लिपिक अथवा कम्प्युटर ऑपरेटर के साथ शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

---

## मकान में दबकर घायल वृद्ध दंपती को इलाज के लिए कलेक्टर ने उपलब्ध कराई 25 हजार की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




श्योपुर विकासखंड के ग्राम तिल्लीपुर निवासी वृद्ध चेतराम बैरवा और उसकी पत्नी पत्नी बारिश के दौरान अपना मकान का ढह जाने से उसमें दबकर घायल हो गए। जो इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती है। आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे इस वृद्ध दंपति को उपचार के लिए आर्थिक मदद जल्द उपलब्ध कराई जाए।

यह मांग ग्राम तिल्लीपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को एक आवेदन सौंपकर उठाई है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट की अगुवाई में कलेक्टर से मिलने पहुंचे तिल्लीपुर के ग्रामीण प्रीतम सिंह मीणा,राजू पहाडिया, लाखन मीणा,प्रमोद मीणा,जितेन्द्र मीणा आदि ने बताया कि वृद्ध चेतराम बैरवा काफी गंभीर है,जिसके घर की गाडी गांव के लोगो के आर्थिक सहयोग के चलते ही चल रही है। बारिश के दौरान मकान गिर जाने से उसके सामने यह संकट भी खडा हो गया है कि अब जिला अस्पताल से लौटने के बाद अपना सिर कहां छिपाएगा। इसलिए प्रशासन के द्वारा उसे आवास की सुविधा के साथ इलाज के लिए जल्द ही आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाए। इस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए उक्त वृद्ध दंपत्ति के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक मदद उपलब्ध कराई।साथही आगे हर संभव सहायता उपलब्ध कराए जाने का भरोसा भी दिया हैं।

---

### ज्ञापन के साथ कलेक्टर को सौंपी जाएगी स्मैक कारोबारियों के नामों की सूची

# श्योपुर को नशा मुक्त बनाने युवाओं ने फिर भरी हुंकार,17 को सड़क पर उतरकर सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में बढते जा रहे स्मैक के नशा कारोबार को बंद कराने और इस कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए श्योपुर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिले के युवाओं ने एक बार फिर हुंकार भरी है। हालांकि अवैध नशा कारोबार के खिलाफ पहले भी आंदोलन हो चुके है,लेकिन इसके बाद भी श्योपुर जिला नशा मुक्त नहीं हो सका। अब फिर से जिले के युवाओं ने इस मामले में कदम उठाते हुए बुधवार को सर्व समाज के बैनर तले अवैध नशा कारोबार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार करते हुए 17 सितंबर को आंदोलन का आगाज करने का एलान कर दिया है।

बुधवार को इस संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बीपी सिंह मीणा सोई जिला पंचायत सदस्य ,सरपंच कप्तान राणा, अभिषेक मीणा कलोनी छात्र संघ अध्यक्ष, समाजसेवी मुकेश हिरणीखेड़ा,भूपेंद्र सिंह कराड़ियाा,रिंकू चौधरी जाट समाज संयोजक, बंटी जाटव पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, सोनू टैगोर उपाध्यक्ष भीम आर्मी, विष्णु वाल्मीकि पूर्व अध्यक्ष भीम आर्मी, गिर्राज भदोरिया, मुकेश बैरवा गलमनिया , समाजसेवी विवेक भारद्वाज, दीपक चौधरी सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे। प्रेसवार्ता के दौरान इन वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि नशा न केवल युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है, बल्कि समाज और परिवार की जड़ों को भी खोखला बना रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इसे रोकने के लिए अब ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियाँ इसके गंभीर परिणाम भुगतेंगी। कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवियों और संगठनों के पदाधिकारियों ने आगामी 17 सितम्बर को नशे के खिलाफ एक आंदोलन की घोषणा की और जनता से इसमें बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है।



#### तीन दिन में नहीं हुई कार्रवाई तो शुरू कर देगे धरना प्रदर्शन

नशा मुक्त श्योपुर जिले को बनाने के लिए आंदोलन शुरू कर रहे युवाओं की टीम में शामिल समाजसेवी मुकेश हिरनीखेडा ने बताया कि अवैध नशा कारोबार को बंद कराने के लिए सडक पर उतरने का सिलसिला 17 सितंबर को शुरू होगा। इसके लिए सभी समाजो सहित सभी संगठनों से जुडे लोगो को श्री हजारेश्वर पार्क में बुलाया जाएगा। इसके बाद यहां से रैली के माध्यम से ज्ञापन सौपने के लिए नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौपंकर तीन दिन के भीतर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। ज्ञापन के साथही उन लोगो की सूची भी कलेक्टर को सौंपी जाएगी,जो अवैध नशा कारोबार में लिप्त बने हुए है। तीन दिन के भीतर यदि कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो फिर तीन दिन के बाद सडक पर उतरकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। अब हमारा यह आंदोलन आर पार की लडाई की तर्ज पर शुरू होगा।

#### सरपंच संगठन दे चुका है नशा कारोबार के खिलाफ सड़क पर उतरने की चेतावनी



जिले का सरपंच संगठन भी अवैध नशा कारोबार को पूरी तरह बंद कराने की मांग पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपकर उठा चुका है। सरपंच संगठन अध्यक्ष योगेश मीणा तथा सचिव महावीर मीणा की अगुवाई में दिए ज्ञापन में सरपंच संगठन ने साफ तौर पर चेतावनी दे दी है कि पुलिस प्रशासन अवैध नशा कारोबार को बंद कराने के लिए विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करें, ऐसा नहीं किए जाने पर सरपंच संगठन को सडक पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर होना पडेगा।

---

## बगैर सूचना के स्कूल से गायब चल रहा प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**पनार स्कूल के मावि शिक्षक की रोकी दो वेतनवृद्धि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोरस द्वितीय में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक रमेश मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में उक्त शिक्षक का मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवदा किया गया है। जारी आदेश के अनुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी कराहल प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा 2 अगस्त को शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोरस द्वितीय का निरीक्षण किया गया, इस दौरान प्राथमिक शिक्षक रमेश मीणा 17 जुलाई 2025 से निरीक्षण दिनांक तक बगैर कोई सूचना के अनुपस्थित पाये गये। इस संबंध में उक्त शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, जिसका उत्तर उनके द्वारा नही दिया गया। बीईओ कराहल के प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय पनार में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक सुमेर सिंह धाकड के विरूद्ध दो वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही बीईओ कराहल द्वारा मध्यान्ह भोजन में अनियमितता एवं लापरवाही बरते जाने के संबंध में प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

## लाइसेंस 3 दुकानें 300 के करीब क्षेत्र में शराब माफिया हावी

# नियमों को ताक पर रख कर गांव-गांव बेची जा रही सराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास

नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए शराब माफियाओं ने शराब की नदिया बहा रखी है। शराब माफियाओं पर दुकानों के लाइसेंस तो तीन है, लेकिन पूरे अंचल में दुकान है 300 खोल रखे हैं आखिर प्रशासन का इन पर अपना आशीर्वाद इतना क्यों बना रखा है हर रोज सुबह शाम और दिन भर शराब माफियाओं की गाड़ी गांव गांव जाकर हर दुकान पर शराब पहुंचती है और वहां से लोगों को रेट से अधिक दामों पर बेची जा रही है। अंचल में शराब माफि याओं द्वारा बेख़ौफ़ होकर शराब की बिक्री लगातार की जा रही है, प्रशासन अंकुश लगाने में नाकामयाब हो रहा है। मध्य प्रदेश के मुखिया एक तरफ नशा मुक्ति अभियान चला रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बदरवास के हर गांव में खुलेआम शराब बेची जा रही है। क्षेत्र में लगातार शराब की बिक्री बढ़ती जा रही है और प्रशासन हाथ पैर हाथ धरे बैठा हुआ है कई बार शराब को लेकर अंचल में झगड़ा देखने को मिलते हैं।




### हर गली मोहल्ले में बिक रही शराब

बदरवास तहसील सहित समस्त ग्रामीण क्षेत्र में हर गली मोहल्ले में शराब की बिक्री जोरों शोरों पर चल रही है इससे हर गांव हर मोहल्ले का माहौल खराब होता जा रहा है। अगर शराब माफिया पर प्रशासन के द्वारा कोई कठोर कार्रवाई की जाए तो आज भी हम गली मोहल्ले को सुधार सकते हैं लेकिन शराब माफिया को तो प्रशासन का आशीर्वाद है उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती भारतीय संस्कृति और हिन्दू संस्कृति दोनों ही संयम, सात्त्विकता और आत्मनियंत्रण को बहुत महत्व देती हैं। इसी कारण शराब मद्यपान को प्राचीन शास्त्रों, धर्मग्रंथों और सामाजिक परंपराओं में नकारात्मक दृष्टि से देखा गया है। आइए विस्तार से समझते हैं।

### भारतीय संस्कृति में प्रभाव

सात्त्विक जीवन शैली दृ भारतीय संस्कृति मुख्य रूप से सात्त्विक भोजन और जीवन पर बल देती है। शराब को तामसिक और राजसिक माना जाता है, जो क्रोध, आलस्य और मोह को बढ़ाती है। परिवार और समाज पर असर दृ शराब पारिवारिक कलहए हिंसा और सामाजिक अपराधों को बढ़ाती है। भारतीय संस्कृति में ष्परिवार की एकताष को सबसे महत्वपूर्ण माना गया हैए जिस पर शराब सीधा प्रहार करती है। आयुर्वेद की दृष्टि दृ आयुर्वेद के अनुसार मद्य शरीर की अग्नि ;पाचन शक्तिद्ध को क्षीण करता हैए मन और बुद्धि को भ्रमित करता है तथा रोगों को आमंत्रित करता है।

### समाज पर नकारात्मक प्रभाव

स्वास्थ्य की हानि, लीवर, किडनी, हृदय और मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव। आर्थिक नुकसान, व्यक्ति की आय नष्ट होती है और परिवार गरीबी का शिकार हो सकता है। अपराध और दुर्घटनाएँ दृ नशे की हालत में झगड़े, हिंसा और सड़क हादसे अधिक होते हैं। पीढ़ियों पर असर दृ गर्भवती महिला के मद्यपान से शिशु पर भी बुरा असर पड़ता हैं। भारतीय और हिन्दू संस्कृति दोनों ही शराब से दूरी बनाकर जीवन में सात्त्विकताए शुद्ध आचरण और आत्मसंयम को अपनाने की शिक्षा देती हैं। शराब केवल शारीरिक रोग ही नहीं, बल्कि मानसिक, पारिवारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पतन का कारण भी बनती है।

### इनका कहना है...

जिले में 18 साल से लेकर 32 साल का युवा नशे की चपेट में आता जा रहा है। सरकार ने अपना नियंत्रण विभाग से खो दिया है। और स्कूल कॉलेज के पास नशे के सामान उपलब्ध होने लगा है। प्रत्येक गांव के हर मोहल्ले में नशा बेचना वह भी बगैर लाइसेंस की आम बात हो गई है।

**अर्जुनसिंह इक्लोदिया,** जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस शिवपुरी

बदरवास में लायसेंस तीन है और 300 जगहों पर शराब विक्री हो रही है तो मैं कल ही इस्पेक्टर भेजकर जांच कराएं लेता हूं।

**शुभंम दौगांडे,** जिला आबकारी अधिकारी शिवपुरी

## अधिकारियों के निर्देशों की अव्हेलना, नहीं हो रहा निरीक्षण

# पशु विभाग की मॉनिटरिंग की खुली पोल, फोरलेन हाइवे पर दुर्घटना में 2 गाय समाईं काल के गाल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस



नेशनल फोरलेन हाइवे 46 पर विचरण करते गोवंश की दुर्दशा को देखते हुए एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने सभी विभागों की बैठक लेकर गोवंश सुरक्षा हेतु एक कार्य योजना तैयार की थी। ताकि कोई भी गोवंश दुर्घटना का शिकार न हो और उसे सुरक्षित रूप से गोशाला पहुंचाकर भरण-पोषण किया जा सके। इस कार्य योजना में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पशु विभाग को सौंपी गई थी। जिसमें पशु विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को लगातार फोरलेन हाइवे पर निरीक्षण कर भटकते गोवंश को चिन्हित कर नगर परिषद के साथ मिलकर सुरक्षित रूप से गोशालाओं तक पहुंचाना था। साथ ही उक्त गोवंश की टेगिंग भी करना था। ताकि जांच के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को ये जानकारी मिल सके कि कितनी गाय फोरलेन हाइवे पर विचरण करती पाई गई।

जिन्हें पशु विभाग द्वारा गोशालाओं तक पहुंचाया गया है। लेकिन गो सुरक्षा की दिशा में एसडीएम अनूप श्रीवास्तव द्वारा उठाए गए सकारात्मक कदमों को पशु विभाग ने सार्थक सिद्ध नहीं किया। निरीक्षण के अभाव में हालहि में ७ सितंबर की रात्रि के दौरान कोलारस फोरलेन हाइवे पर स्थित खाटू श्याम होटल के पास अनेकों गाय भटक रहीं थीं। तभी अज्ञात वाहन चालक द्वारा लापरवाही बरतते हुए 2 गायों को टक्कर मार दी और घटना स्थल पर ही दोनों गायों की दर्दनाक मौत हो गई। उक्त कटू सत्य जब गोसेवक संगठन और समाज सेवियों के सामने आया तो पशु विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खुल गई। जो दायित्व पशु विभाग को सौंपा गया था उसका पशु विभाग द्वारा गंभीरता से पालन नहीं किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों पर पशु विभाग को पूरे फोरलेन हाइवे पर निरीक्षण करना था। लेकिन कोलारस बाइपास पर ही इस प्रकार की दुर्घटनाएं कारित होने से ये बात सिद्ध होती है कि पशु विभाग किसी प्रकार से फोरलेन हाइवे पर विचरण करने वाले गोवंश का न तो निरीक्षण कर रहा है और न ही उन्हें सुरक्षित रूप से गोशालाओं में पहुंचाने का काम कर रहा है। केवल पशु विभाग द्वारा पूर्व में गोशालाओं के संचालकों को लाभ पहुचाने के उददेश्य से फर्जी तरीके से कागजों में निरीक्षण करने में ही महारथ हासिल है। जिसके चलते ऐसी कई गोशालाओं को लाखों का फंड शासन द्वारा पशु विभाग की ओके रिपोर्ट पर प्रदान किया गया। जो गोशालाएं कभी खुलीं ही नहींए हमेशा उनमें ताले ही लटके रहे। लेकिन पशु विभाग के प्रभारी की मिलीभगत से गोशालाओं के संचालकों को आसानी से भुगतान करा दिया गया।

# ग्राम गजोरा व लभेडा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

पिछोर अनुविभाग अंतर्गत नालसा जागृति एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 की जागरूकता के अंतर्गत ग्राम गजोरा एवं ग्राम लभेडा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार न्यायालय तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी, रंजना चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर के मार्गदर्शन में नालसा जागृति एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर की जागरूकता के अंतर्गत दिनांक 8 सितंबर को ग्राम गजोरा में तथा दिनांक 9 सितंबर को ग्राम लभेड़ा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधिक कर्मचारी धर्मेंद्र राजौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास विश्वकर्मा अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से विकास विश्वकर्मा अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पिछोर के द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से नालसा जागृति एवं लोक अदालत के अंतर्गत नेशनल लोक अदालत के लाभ, मुकदमा पूर्व विद्युत के प्रकरणों में छूट, एवं बैंक के प्रकरणों में ब्याज में छूट नियमानुसार दिया जाना व्यक्त किया।

संभागीय खेलों का हुआ समापन, अतिथियों ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

# सागर जिला रहा चैंपियन, कुश्ती में 31 व कराते में मिले 36 गोल्ड मैडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित 3 दिवसीय 69 वीं संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निर्मला सप्रे एवं नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार द्वारा संभाग के सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सहायक संचालक नीतेश दुबे, संस्था प्राचार्य एसपी तिवारी, प्राचार्य आरके जाटव उपस्थित रहे।

यह रहे परिणाम- फुटबॉल अंडर बालक 17 आयु वर्ग के फाइनल में सागर 3-0 से विजेता रही एवं उपविजेता दमोह रही। फुटबॉल अंडर बालिका 17 आयु वर्ग के फाइनल में 4-0 से सागर विजेता रही एवं उप विजेता दमोह रही। सागर जिला सभी खेलों में ओवरऑल चैम्पियन रहा। कुश्ती में सागर जिला को 31 गोल्ड और 9 सिल्वर मेडल मिले।

कराते में सागर जिले को 36 गोल्ड मेडल प्राप्त हुए। प्रतियोगिता में निणार्यक भूमिका में कोमल पटेल, अविनाश, रितिक तिवारी, योगेश रावल, सिद्धार्थ, श्रीकांत शर्मा, उजैद खान, अशोक अहिरवार, सुनील कुमार जैन, वेद प्रकाश प्रजापति, आदित्य राय, उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

# मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं : शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

चौबे परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पंडित जय नारायण शास्त्री ने बताया कि जब-जब पाप अनाचार अत्याचार बढ़ते हैं तब तब भगवान जन्म लेते हैं। मां जागेश्वरी धाम पर श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्म होते ही नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन में भक्त जमकर झूमे। कथा प्रवाचक जय नारायण शास्त्री महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं।

बुधवार को भागवत कथा में धूम धाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गए, पहरेदार सो गये। वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी जमुना पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को




लेकर चले आए।

शास्त्री ने कहा कि कंस ने वासुदेव के हाथ से कन्य रूपी शक्तिरूपा को छीनकर जमीन पर पटकना चाहा तो वह कन्या राजा कंस के हाथ से छूटकर आसमान में चली गई। शक्ति रूप में प्रकट होकर आकाशवाणी करने लगी कि कंस, तेरा वध करने वाला पैदा हो चुका है। कथा के दौरान मनोहर राय, दीनदयाल उपाध्याय, महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सेन रज्जू, ईशान साहू (गोलू), सतीश तिवारी, मनीष यादव, पंडित दशरथ पुरोहित, सुनील सिरोठिया, श्याम व्यास, देव दत्त तिवारी, सचिन तिवारी, आदि की उपस्थित रहे।

# ‘शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं’




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अलायंस क्लब बीना शक्ति द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के शिक्षकों का सम्मान किया गया। अलायंस क्लब की अध्यक्ष ममता साहू, कोषाध्यक्ष सुनीता राय, डॉक्टर सुवर्णा आचवल, पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथी, रेणु अजमानी, कौसर खान और क्लब की अन्य सदस्यों ने शहर के शिक्षाविद शिक्षक पंडित देव शंकर दुबे, शेरसिंह बुंदेला, रघुवीर सिंह चंदेल, राकेश नामदेव, राष्ट्रीय कराटे कोच संदीप अग्रवाल, जसविंदर कौर, बीके अग्निहोत्री, डॉक्टर उमा लवानिया को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अलायंस क्लब बीना शक्ति क्लब अध्यक्ष ममता साहू ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथी ने शिक्षकों को समाज का मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में स्वाति समैया, सुमन अग्रवाल, अंजली जैन, रितु अग्रवाल, ममता टंडन, मणि हुरकट, नेहा सिंह, अक्षय नायक, सुरभि जैन, अनीता ठाकुर, सीमा अग्रवाल, सरिता जैन, माधुरी शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## पोहरी में संजीविनी क्लीनिक की मांग को लेकर नगर वासियों व पार्षदगणों ने बीएमओ को सौंपा ज्ञापन

पोहरी। पोहरी नगर से 5 किलोमीटर दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है, जिसके चलते नगर वासी स्वास्थ्य सुविधाओं का भरपूर लाभ नही ले पा रहे है। जिसे लेकर स्थानीय लोगो द्वारा




मंगलवार दोपहर 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ के नाम बीएमओ डॉ दीक्षांत गुधेनिया को एक ज्ञापन सौंपा है। जहाँ ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पोहरी नगर की करीब 10 हजार से अधिक की आबादी है। जहा नगर से 3 किलोमीटर दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनवा दिया है जिसके चलते आमजन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नही ले पा रहे है।ऐसे में पोहरी के पुराने अस्पताल पर संजीविनी क्लीनिक शुरू की जाए जिससे नगर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। जहा ज्ञापन के दौरान एक सैकड़ा से अधिक लोग सहित पार्षदगण मौजूद रहे।

## रेल संस्थान में रोपे गए पौधे

# जन्म दिवस व अन्य अवसरों पर लगाएं पौधे : मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य (आईओडब्ल्यू) द्वारा रेल संस्थान में सघन पौधारोपण किया गया। रेल संस्थान सचिव बीएल मिश्रा ने बताया रेल संस्थान में लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 75 पौधे लगाने के बाद लगातार रेल संस्थान में अनेकों अवसर पर पौधे लगाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जन्म दिवस एवं अन्य अवसरों पर पौधे लगाने चाहिए। सभी रेल संस्थान आकर पौधे लगाए आपके पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी रेल संस्थान बीना करेगा। एसएसई राजीव रंजन ने बताया कि रेल संस्थान में पौधे की सतत सुरक्षा एवं देखभाल होती है इसलिए उनकी टीम द्वारा रेल संस्थान बीना में पौधे लगाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर रेल संस्थान सचिव बीएल मिश्रा, सदस्य सार्थक तिवारी, आईओडब्ल्यू इंचार्ज राजीव रंजन, जेई उत्कर्ष दीक्षित एवं आईओडब्ल्यू के सभी साथी उपस्थित रहे।

## जनपद की बैठक में बजट आवंटन को लेकर फिर हुई बैठक निरस्त

# जनपद उपाध्यक्ष सहित 13 जनपद सदस्यों ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास

एक करोड़ पांच लाख की राशि की कार्ययोजना बनाकर भेजी इसी लिए हुई निरस्त, बदरवास-वर्ष 2023 .24 और 24-26 दो वर्ष जनपद अध्यक्ष को शासन द्वारा मिलने वाला 90 लाख का बजट कुल एक करोड़ 80 लाख का बजट 25 जनपद सदस्यों के बीच आवंटित होना है। इसी को लेकर सामान्य सभा की बैठक बदरवास जनपद सभागृह में बैठक आयोजित बैठक की। उक्त बैठक में सहमति नही बनने पर बैठक आगामी समय दो माह बाद आज बैठक रखी गई थी जो समन्वय ना बनने के कारण टाल दी गई।

पूर्व में भी बैठक हुई और पंद्रवा वित्त की जो राशि जनपद अध्यक्ष को नब्बे लाख मिलती है उक्त राशि को वितरण को लेकर यह विवाद बना हुआ है। आज जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहर सिंह पडरैया और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामवीर सिंह यादव अपने चौदह जनपद सदस्यों के साथ पत्रकारों से रूबरू होते हुए आरोप लगाया



की पूर्व में जनपद अध्यक्ष और सभी जनपद सदस्यों की सहमति से वर्ष 2023 और 24 के बजट को लेकर आवंटित हो गया था। पर सहमति भी बन गई थी लेकिन उक्त बजट और वर्तमान वर्ष के बजट को फिर से आवंटित करने को लेकर दो बार बैठक बुलाई गई लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ इसी को लेकर हमारे द्वारा उक्त पूरे मामले को लेकर आज जिला मुख्यालय पर जाकर जनपद उपाध्यक्ष मोहर सिंह पड़रिया सहित 13 जनपद सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा दिए हैं। बदरवास जनपद अध्यक्ष मीरा बाई खंगार को रामवीर सिंह यादव के द्वारा जनपद अध्यक्ष की पद पर कागज कराया था, उसके तीन वर्ष बाद अचानक जनपद अध्यक्ष ने खेमा बदला और रामवीर सिंह यादव को छोड़ा तो लगातार जनपद में लगातार विवाद गहराया चला गया है।

### ये लगाए सामूहिक इस्तीफा में आरोप

मीटिंग में वर्ष 2022.23 के 15 वित्त योजना की राशि पर चर्चा जबकि 2022.23 की कार्य योजना डीपीआर का अनुमोदन पहले ही हो, चुका है। 2025.26 की कार्य योजना 15 वित्त के कार्यों पर चर्चा का बिन्दु रखा गया जबकि 2025-26 की कार्य योजना भी सभी सदस्यों ने प्रस्ताव पिछली मीटिंग व उन्हीं बिन्दुओं को लेकर फिर मीटिंग रखी गयी जबकि पंचायती राज एक्ट में धारा 45 में उल्लेख है कि एक बार प्रस्ताव पास हो जाये तो उसे दोबारा से रखना है तो 3-4 सदस्य एक होकर यानि 25 सदस्यों में से 19 सदस्य लिखित में दे तो 06 माह बाद फिर मीटिंग में उन प्रस्तावों को रख सकते। हम सभी जनपद सदस्यों को बार-बार मीटिंग में बुलाया जाता है आज भी। सदस्यों का बहुमत होने के बाबजूद भी मीटिंग को स्थगित कर दिया गया है। महोदय किसी रोज कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

### इनका कहना है

जनपद की बैठक में सर्व सहमति से सभी जनपद सदस्यों को 90 लाख का बजट आवंटित किया जाना था, लेकिन पूर्व में एक करोड़ पांच लाख का कार्ययोजना बनाकर भेज दी गई जिसे अस्वीकृत कर 90 लाख की राशि बनाने के निर्देश दिए गए। इसी को लेकर दो वर्ष की राशि एक करोड़ अस्सी लिया की राशि 25 जनपद सदस्यों के बीच समानता के साथ आवंटित की जानी है और यह हमारा लक्ष्य क्योंकि पूर्व में जो हुआ उपकारियों से हमें कोई लेना देना नहीं है वर्तमान में सभी सदस्यों के साथ पारदर्शिता के साथ उनके जनपद क्षेत्र में उक्त राशि को आवंटित किया जाना है

**कल्याण सिंह यादव ,** विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत बदरवास

मैं मीटिंग से निकल कर अपने घर आ गई थी उसके बाद क्या हुआ मुझे पता नही है, किसने और कितने लोगों ने इस्तीफा दिया है यह मामला मेरे संज्ञान में नही हैं।

**मीरा बाई परिहार,** जनपद पंचायत अध्यक्ष बदरवास